23

प्रपत्र–4

परियोजना का नामः– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद बागेश्वर में कांडा रावतसेरा मार्ग के कोटपातल बैन्ड से भदौरा बाजीरोड मोटर मार्ग का निर्माण।

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 26.05.2014 को प्रश्नगत परियोजना के लिए वन भूमि प्रत्यावर्तन प्रस्ताव तैयार करने हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री प्रयाग सिंह धपोला, वन दरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री पूरन गिरी गोस्वामी, राजस्व उप निरीक्षक एवं प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री आर0पी0टम्टा, अपर सहायक अभियंता द्वारा भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु निम्नानुसार वन भूमि/ नाप भूमि प्रभावित हो रही है।

प्रश्नगत मोटर मार्ग के निर्माण में आरक्षित वन भूमि 0.00 है0, सिविल सोयम वन भूमि 0.430 है0, वन पंचायत भूमि 0.410 है0 कुल 0.840 है0 वन भूमि एवं 2.660 है0 नाप भूमि प्रभावित हो रही है। परियोजना के निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा आवेदित वन भूमि की मांग न्यूनतम है। परियोजना के निर्माण हेतु प्रस्तावक विभाग द्वारा सुझाये गये अन्य विकल्पों पर भी विचार किया गया व वर्तमान विकल्प/ संरेखण को सर्वथा उपयुक्त पाया गया। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है व इस परियोजना के निर्माण से ग्राम कांडे कन्याल. भदौरा, एवं तोक खड़खेत, टोटा देवल तथा बांजझिरौटी की कुल 1339 जनसंख्या लाभान्वित होगी।

आवेदित वन भूमि में 50 वृक्षों व नाप भूमि पर 14 वृक्षों का पातन निहित है जिनकी प्रजातिवार/ व्यासवार सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

| | | |
|---|---|---|
| (~~आर.पी.टम्टा~~)<br>क0 ~~अपर सहायक~~ अभियंता<br>(प्रयोक्ता एजेन्सी) | (पूरनगिरी गोस्वामी)<br>राजस्व उप निरीक्षक<br>राजस्व विभाग प्रतिनिधि | (प्रयाग सिंह धपोला)<br>वन दरोगा<br>वन विभाग प्रतिनिधि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| सहायक अभियंता<br>प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0<br>बागेश्वर (सदस्य सचिव) | क्षेत्राधिकारी<br>धरमघर<br>(सदस्य) | तहसीलदार<br>काण्डा<br>(सदस्य) | सहायक वन संरक्षक<br>बागेश्वर वन प्रभाग<br>(सदस्य) |

अधिशासी अभियंता
प्रान्तीय खंड, लो0नि0वि0
बागेश्वर

उपजिलाधिकारी
कांडा/ अध्यक्ष, संयुक्त निरीक्षण
समिति तहसील कांडा

प्रधान/ वन पंचायत सरपंच

प्रभागीय वनाधिकारी
प्रभागीय वनाधिकारी, बागेश्वर वन प्रभाग, बागेश्वर

जिला अधिकारी
जिला अधिकारी बागेश्वर